फर्द अहकाम

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा

रामफूल बनाम रामगोपाल वगै0

मु0नं0–155/2017

किस्म मुकदमा–दावा

पीठासीन अधिकारी– यशवन्त मीना (आर0ए0एस0)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
29.07.2024 5-8-24	पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उपस्थित। प्रार्थना पत्र बाबत आदेश 22 नियम 4 जा0दी0 बाबत कायम मुकाम, प्रार्थना पत्र दफा 5 मियाद अधिनियम उवं संशोधित वाद शीर्षक पेश किया जा चुका है जिस उभयपक्ष अधिवक्तागण द्वारा सहमति जाहिर की गई है इसलिए उक्त प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाते है। उभयपक्ष अधिवक्तागण द्वारा निवेदन किया गया कि पत्रावली कुर्रेजात प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है इसलिए कुर्रेजात प्रस्ताव स्वीकार किया जाकर मुताबिक कुर्रेजात प्रस्ताव दावा वादीगण अंतिम डिक्री किया जावे। पत्रावली एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात एवं कुर्रेजात प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। इसलिए तहसीलदार सिकराय द्वारा पत्रांक भू0अ0/2024/1219 दिनांक 21.05.2024 द्वारा पेश कुर्रेजात प्रस्ताव स्वीकार कर दावा अंतिम डिक्री किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः दावा वादीगण स्वीकार कर तहसीलदार सिकराय द्वारा पत्रांक भू0अ0/2024/1219 दिनांक 21.05.2024 द्वारा पेश कुर्रेजात प्रस्ताव स्वीकार कर दावा अंतिम डिक्री किया जाता है। कुर्रेजात प्रस्ताव निर्णय का भाग रहेंगे। तहसीलदार सिकराय मुताबिक कुर्रेजात प्रस्ताव तकास्मा कर राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद करें। उपरोक्तानुसार अंतिम डिक्री जारी हो। तहसीलदार सिकराय को पालना तहरीर जारी हो। निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। उपखण्ड अधिकारी सिकराय (दौसा)	